सार-समाचार

बाइक पुलिया से गिरी, एक की मौत

रामगंजमंडी, (निसं)। क्षेत्र के नियामतखेड़ी गांव में शनिवार सुबह सड़क हादसा होने की घटना प्रकाश में आई है। न्यामतखेड़ी गाँव मे एक बाइक सुबह 6 बजे क़रीब अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई , हादसे में बाइक सवार एक की मौत और एक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटना न्यामतखेड़ी पुलिया पर बाइक बाउंड्री से टकरा गई और दोनों युवक नीचे जा गिरे। ग्रामीणों ने हेमंत कुशवाह ,राहुल अहीर को 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जहाँ डॉक्टरों की टीम ने घायल राहुल अहीर को उपचार के बाद झालावाड़ रेफर कर दिया । वहीं मौक़े पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे में बाइक सवार हेमंत कुशवाह पुत्र मोहन कुशवाह (22) निवासी चेचट की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी राहुल अहीर पुत्र शोभाराम अहीर (19) निवासी सालेड़ा गंभीर घायल हो गया। जिसे रामगंजमंडी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे झालावाड़ रेफर कर दिया गया। मृतक हेमंत कुशवाह का शव मोर्चरी में रखवाया गया था और इसकी सूचना परिजनों को दी गई थी। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

कर्मचारी शिकायत निवारण शिविर

कोटा, (निसं)। रेलवे कार्मिक सम्बन्धी मामलों के निपटान के लिए कोटा रेल मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा शिकायत निवारण कैम्प लगाने की अभिनव पहल की गई है। यह शिकायत कैम्प का आयोजन कोटा मंडल के प्रमुख 18 स्थानों पर अप्रैल माह के 8 से 22 तारीख के मध्य अलग-अलग निर्धारित तिथियों में किया जा रहा है। मंडल के विक्रमगढ़ आलोट, महिदपुर, शामगढ़, रामगंजमंडी, कोटा, लाखेरी, इंदरगढ़ सुमेरगंजमंडी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, भरतपुर, टीकेडी, बारां, छबड़ा गुगोर, बूँदी एवं मांडलगढ़ स्टेशनों के विभिन कार्यालयों जैसे- एसएसई पीवे कार्यालय, एईइन कार्यालय, ड्राइवर लॉबी कोटा, ड्राइवर लॉबी गंगापुर सिटी, एसएस कार्यालय एवं विद्युत लोको शेड कार्यालय में शिकायत कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कर्मचारीगण इन कैम्पों में अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हो सकते हैं तथा अपना प्रतिवेदन नामित कर्मचारी कल्याण निरीक्षक को प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे कि उन्हें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय नहीं आना पड़ेगा एवं उनकी शिकायतों का निराकरण त्वरित ढंग से किया जा सकेगा।

भारतीय योग संस्थान कोटा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

कोटा, (निसं)। गोकुल पार्क केंद्र पर भारतीय योग संस्थान का 58 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। संचालन केंद्र प्रमुख रमेश चंद्र गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एस के विजय एवं अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। साधक एवं साधिकाओं द्वारा उपस्थित योग प्रेमियों को कुशलता पूर्वक योग साधना करवाई गई। आसनों की साधना नरेन्द्र महेश्वरी, इंदु चौधरी, जी एल तापड़ि, पी डी विजय, सी पी गुप्ता, परसराम लालवाणी, रुचि गुप्ता एवं महावीर विजय द्वारा कुशलता पूर्वक करवाई गई। प्राणायाम साधना में सुनीता शर्मा ने चंद्रभेदी प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम की साधना करवाई। विभागाध्यक्ष राजेश चतर द्वारा विशेष ध्यान साधना करवाई गई जिससे साधकों को मानसिक शांति एवं ऊर्जा के स्तर में वृद्धि की अनुभूति हुई।

वन विभाग ने सात ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त किए

छबड़ा (निसं)। उप वन संरक्षक अनिल यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग की टीम ने संयुक्त टीम ने 7 ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त किए, जिनमे से 3 ट्रेक्टर ट्रॉली छबड़ा क्षेत्र से जब्त किए। कार्यवाही में अटरू क्षेत्रीय वन अधिकारी बालूराम सारण, वन रक्षक धीरज, मनोज, निरंजन, शिवानी , विजय, देवीलाल व अंता से सुनील कुमार पंवार वन रक्षक, सुनील कुमार मीणा वन रक्षक, राजेंद्र यादव, विजय चंदक, हरसहाय मीना एवं छबड़ा से क्षेत्रीय वन अधिकारी भरत राठौड़, जितेंद्र सहरिया, वनपाल राकेश चौधरी, भरतलाल मीणा, कल्लू सिंह मीणा वनरक्षक, वाहन चालक इंद्रराज नागर और पर्यावरण प्रेमी चंदू यादव की संयुक्त टीम ने 3 ट्रेक्टर ट्रॉली पत्थर से भरे हुए वन खंड गोविंदपुरा क्षेत्र की पार्वती नदी से, 3 ट्रेक्टर ट्रॉली बजरी व 1 ट्रेक्टर ट्रॉली पत्थर भरते हुए वन खंड फूलबडौद की ल्हासी नदी से भरकर परिवहन करते हुए जब्त किए।

छठी महोत्सव का समापन

कोटा, (निसं)। स्टेशन पंचायत की ओर से आयोजित झूलेलाल महोत्सव का समापन छठी महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और लकी ड्रा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। स्टेशन स्थित श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति की ओर से 28 मार्च को धर्मशाला में दो आयु वर्गों में आयोजित सनातन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को समारोह के अतिथि, विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम भाटिया, निदेशक किशन रतनानी, सिंधु सोशल सर्कल के अध्यक्ष विमल परियानी, पूर्व संरक्षक डी एन नैनानी , बजरंग नगर पंचायत के अध्यक्ष भुवनेश बबलानी, स्टेशन पंचायत के संरक्षक हरीश जगवानी, व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

नहर में डूबने से युवक की मौत

मांगरोल (निसं)। मांगरोल थाना क्षेत्र मारवाडा बस्ति के पास नहर में डूबने से एक युवक पानी में डूबने की सूचना मांगरोल पुलिस थाने को मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ओर शव को अपने कब्जे में लेकर उपजिला चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान मांगरोल निवासी बताया गया ,पुलिस थाना अधिकारी के अनुसार बताया गया कि मोहन लाल पुत्र बद्रीलाल सुमन उम्र 33 साल निवासी बमोरी रोड मांगरोल निवासी है,जिसका पोस्टमार्टम डॉक्टर शैलेंद्र द्वारा किया गया। मृत्यु का कारण पानी में डूबने की बताई जा रही है शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया ,पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

माह अप्रैल को ग्राहक सेवा माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया

कोटा, (निसं)। भारत संचार निगम लिमिटेड कोटा बी ए अपने ग्राहकों की सेवा में निरंतर सुधार एवं संतुष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अप्रैल माह में ग्राहक सेवा माह मना रहा है। इस अवसर पर अप्रैल माह के प्रत्येक गुरुवार 11, 17 एवं 24 अप्रैल को बीएसएनएल द्वारा जिला मुख्यालय कोटा, बूंदी, झालावाड़ एवं बारां में दोपहर 3 से 5 बजे तक बीएसएनएल ग्राहक सेवा केंद्र पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीएसएनएल के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित होंगे। गोविंद प्रसाद गुप्ता महाप्रबंधक कोटा बीए ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी दूरसंचार सेवा से जुड़ी बिलिंग अथवा नये कनेक्शन से सम्बंधित समस्या को हल करना है।

तीन स्थानों पर आग लगी, काबू पाया

छबड़ा (निसं)। कस्बे में अलग अलग तीन स्थानों पर आग लग गई। समय पर पहुंची दमकल मशीनो से आग पर काबू पाया। दमकल प्रभारी रवि यादव ने बताया कि घाटाखेडी में आग लगने की सूचना मिलने पर मोके पर पहुंची नगर पालिका की दमकल ने आग पर काबू आया। इसी प्रकार गुगोर फाटक के समीप कडैयावन रास्ते के निकट खेतो में नोलाइयो में लगी आग पर मोतीपुरा प्लांट की दमकल मशीन ने काबू पाया। वही, धरनावदा रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे खेत की नोलाइयो में लगी आग पर पछाड प्लांट की दमकल मशीन ने काबू पाया।

श्रद्धांजलि अर्पित की

कोटा, (निसं)। जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय पर स्व. ललित किशोर चतुर्वेदी कि पुण्यतिथि पर मदन राठौर (भाजपा प्रदेशाध्यक्ष) अरुण चतुर्वेदी, ओंकार सिंह लखावत, मोतीलाल मीना सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चतुर्वेदी के जीवन पर प्रकाश डाला और संघ के स्वयंसेवक से जनप्रतिनिधि की यात्रा के संघर्ष के बारे में बताया।

विचार गोष्ठी का आयोजन

कोटा, (निसं)। प्रबुद्धजन विचार मंच की ओर से सुमन भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसंत विहार में भाजपा स्थापना दिवस की पूर्व सध्या पर मंच के संयोजक एवं पूर्व ओबीसी मोर्चा के शहर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पुरूषोत्तम अजमेरा की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अलग-अलग जगह मारपीट कर युवक की हत्या करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

बूंदी (निसं)। बूंदी की तालेडा थाना पुलिस ने शनिवार को दो अलग-अलग जगह पर युवक के साथ मारपीट कर हत्या करने के मामले में पांच को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया की थानाधिकारी पुलिस थाना तालेड़ा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा मारपीट कर युवक की हत्या करने के प्रकरण मे प्रभावी कार्यवाही करते हुए पांच आरोपी अखराजसिह उर्फ बिट्टू,संग्राम सिह उर्फ सोनू ,अल्ताफ हुसैन उर्फ कल्लु, लखन उर्फ भुरिया व प्रह्लाद लोधा को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

तालेडा थानाधिकारी अजीत बगडोलिया ने बताया कि 31 मार्च को फरियादी नरेश चौधरी पुत्र सोहनलाल जाट निवासी जलोदी थाना तालेडा जिला बून्दी ने एक रिपोर्ट पेश की कि मै ग्राम जलोदी का रहने वाला हूँ। लोकेन्द्र मेरा छोटा भाई है। 30 मार्च को रात को 11बजे करीबन मेरे भतीजे धर्मराज ने उसके पिताजी को फोन कर लोकेन्द्र के साथ मारपीट करने व तबीयत खराब होने से तालेडा शिशु वाटिका स्कूल के पास होना बताया था। जिस पर लोकेन्द्र को जलोदी लेकर आए थे। हमने लोकेन्द्र को देखा तो उसके कान और नाक से खून आ रहा था।

लोकेन्द्र को कोटा एमबीएस अस्पताल मे इमरजेन्सी मे भर्ती करवाया । दोराने ईलाज मेरे भाई की 31 मार्च को मृत्यु हो गई। 30 मार्च को दिन मे 12 बजे करीब लोकेन्द्र ने धर्मराज को तालेडा बुलाया था । वे दोनो शाम को खाना खाने के लिए जमीतपुरा नोनवेज जायका ढाबे पर गए , जहा धर्मराज लोकेन्द्र को ढाबे पर छोड कर चला गया। ढाबे पर झगडा होने की सूचना पर धर्मराज वापस ढाबे पर गया तो लोकेन्द्र के नाक से खून आ रहा था। ढाबे पर फिरोज , अल्ताफ व लखन ने मारपीट की।

वहां से वह दोनो जलोदी रोड किराने की दुकान पर गए जहा ठेके के सामने बिट्टु बना , प्रह्लाद लोधा व अन्य ने दोनो के साथ लात घुसो से मारपीट की व लकडी से लोकेन्द्र के सिर पर मारी जिससे लोकेन्द्र व धर्मराज के चोटे आई। लोकेन्द्र की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इसपर पर मृतक के शव का एम.बी.एस.एच. कोटा मे मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण मे गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। उक्त निर्देशो की पालना मे तालेड़ा थाना अधिकारी अजीत बगडोलिया के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के अनुसंधान मे फरियादी व गवाहा के बयान लिए तथा घटना स्थलों पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) मोबाईल टीम से निरिक्षण करवाया गया।

इसके बाद आरोप प्रमाणित होने पर तालेड़ा थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांचो आरोपी अखराजसिह उर्फ बिट्टू बन्ना पुत्र श्री रघुराजसिह जाति राजपूत उम्र 35 साल निवासी हाड़ो का पीपल्दा थाना तालेड़ा, अल्ताफ हुसैन उर्फ कल्लु पुत्र जाहिद हुसैन खलीफा मुसलमान उम्र 27 सल निवासी जमीतपुरा थाना तालेड़ा, लखन उर्फ भुरिया पुत्र दुर्गालाल जाति मेघवाल उम्र 21 साल निवासी तालेडा व प्रह्लाद लोधा पुत्र गोरीशंकर जाति लोधा उम्र 27 साल निवासी मोहीपुरा का बरडा थाना तालेड़ा जिला बून्दी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है आरोपियों से पूछताछ जारी है।

तालेड़ा थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह पर युवक के साथ मारपीट कर हत्या करने के मामले में पांच जनों को गिरफ्त में लिया।

एलन ओरियंटेशन में 20 हजार से अधिक स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स शामिल हुए

- नर्चर बैच के पहले फेज में 11 ओरियंटेशन सेशन
- स्टूडेंट्स को पढ़ाई, परीक्षा, रिवीजन, क्लासेज सहित अन्य जानकारियां दी गई

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन्स को लेकर देशभर के स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स में उत्साह है। एडमिशन्स के साथ ही बैच की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नर्चर बैच के पहले फेज की पढ़ाई शुरू होने से पूर्व 11 ओरियंटेशन सेशन आयोजित किए गए, इनमें 20 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए।

एलन कोटा प्रसीडेंट एवं जोनल हैड विनोद कुमावत ने बताया कि पहले फेज में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले नर्चर बैच के स्टूडेंट्स के लिए 11 ओरियंटेशन सेशन आयोजित किए गए। इन सेशन्स में 20 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स व पेरेंट्स शामिल हुए। ये सेशन जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस के सौहार्द सभागार, एलन समुन्नत कैम्पस के समरस सभागार, लैंडमार्क सिटी स्थित एलन सम्यक कैम्पस के सद्गुण सभागार एवं बारां रोड स्थित सुपथ कैम्पस में हुए। ओरियंटेशन सेशन्स में विभिन्न टॉपिक्स पर सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स ने एलन में वर्ष पर्यन्त होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्टूडेंट्स के साथ पेरेन्ट्स को भी दिशा निर्देश दिए गए।

स्टूडेंट्स को पढ़ाई, परीक्षा, रिवीजन, क्लासेज सहित अन्य जानकारियां दी गई। स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स को कोटा कोचिंग की खासियत और एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सिस्टम से परिचित करवाया गया।

सेशन में एलन की कार्यप्रणाली, एकेडमिक कैलेण्डर, उद्देश्य, स्टडी पैटर्न और गत सत्रों के परिणामों से अवगत करवाया गया। अकेडमिक कैलेण्डर के बारे में बताया कि कोर्स कब शुरू होगा, कब समाप्त होगा। टेस्ट और रिवीजन क्लासेज के शेड्युल क्या रहेंगे। विद्यार्थियों से विशेष रूप से कहा गया कि पढ़ाई के दौरान स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

डाउट होने पर उसे फैकल्टी से तुरंत पूछें। इसके साथ ही एलन के परिणामों पर भी चर्चा हुई। इन सेशन्स में पेरेंट्स व स्टूडेंट्स के बीच संवाद के बारे में बताया गया।

इन सेशन्स में पेरेन्ट्स को साल भर किस तरह स्टूडेंट्स की गतिविधियों पर नजर रखनी है तथा संस्थान में कब-कब संपर्क करना है, यह सब बताया गया।

विद्यार्थियों और अभिभावकों को रिजल्ट एनालिसिस के बारे में भी बताया गया। सेशन के अंत में सभी ने रूक जाना नहीं, कहीं तू हार के...गीत गाते हुए विद्यार्थियों को सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जिले के स्कूलों में 'नो बेग डे' जागरूकता नवाचार

कोटा, (निसं)। जिले में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर जिले के स्कूलों में हर शनिवार को नो बेग डे पर स्वास्थ्य शिक्षा का नवाचार किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों ने इस शनिवार को भी स्कूलों में जाकर बच्चों के बीच जागरूकता गतिविधियां की। सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बताया कि स्कूलों के विद्यार्थी बच्चों और अध्यापकों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। लार्वा का सजीव प्रदर्शन कर इसकी पहचान करने, इसके मच्छर के रूप में पनपने और जीवन चक्र के बारे में बताया। डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, स्क्रब टायफस आदि बीमारियों के लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपाय बताए गए। इस संबंध में निबंध व स्लोगन प्रतियोगिताएं भी हुई। बच्चों को सप्ताह में एक दिन हर रविवार को सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया। घरों के आसपास जमा पानी को हटाने या उसमे जला हुआ तेल डालने, पानी की टंकियों को पूरी तरह ढककर रखने, घर के कूलर, फ्रीज की ट्रे, छत पर रखे कबाड़, गमले आदि की सप्ताह में एक बार रगड़कर सफाई करने की हिदायत दी। आगामी हीटवेव के प्रति सावधानी रखने और इससे बचाव संबंधी उपाय बताए गए। संक्रमित माइट के काटने से होने वाले स्क्रब टाइफस के लक्षण, बचाव व रोकथाम के बारे में भी समझाया गया। इस संबंध में बच्चों को जागरूकता पोस्टर, पम्पलेट का वितरण भी किया। 14 मई तक चलने वाले मलेरिया क्रेश कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई।

बीस लाख की अवैध शराब की खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया

- तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया
- गुजरात जा रही थी अवैध शराब की खेप
- 241 अंग्रेजी शराब व बीयर की मिली पेटियां

रामगंजमंडी, (निसं)। मोड़क थाना पुलिस टीम ने एक ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर की 241 पेटीयों को जब्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। यह अवैध शराब की खेप बूंदी के रास्ते से कोटा होती हुई सप्लाई के लिये गुजरात जा रही थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मोडक थाना प्रभारी उत्तम सिंह के नेतृत्व में कोटा-झालावाड़ रोड़ पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। उसी दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब एव बीयर की 241 पेटियां बरामद हुई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जप्त करते हुए नरसाली नाड़ी थाना बायुत जिला बाड़मेर हाल जिला बालोतरा निवासी रमेश कुमार (28) को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि अवैध शराब की खेप गुजरात सप्लाई के लिये जा रही थी। उन्होने बताया कि यह अभियान ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन एवं पुलिस उपअधीक्षक रामगंजमंडी घनश्याम मीणा के निर्देशन में चलाया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी हैं।


अवैध शराब की खेप के साथ तस्कर को गिरफ्त में लिया।

दुर्गाष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया

रावतभाटा, (निसं)। दुर्गाष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार को रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एवं नगर के धार्मिक स्थल पर जागरण में हजारो की सख्या में श्रृद्वालुओं ने दर्षन किए। वहां दर्षन के लिए कतारे लगी थी। नवरात्री के आठवें यानी दुर्गाश्टमी पर्व षनिवार को मनाया गया। हजारो की तादात में श्रृद्वालुओं ने देवी दरबारो में दस्तक दी। षक्तिपीठ जाने वाले रास्ते में हर समय भीड़ भरे नजर आयें। इस मौके पर यज्ञ, हवन, पुजा-अर्चना व अभिशेक सम्पन्न हुए। नवरात्रा पर षनिवार को पाडाझर नाहरसिंह माताजी, निमोदा माताजी, कुण्डाल क्षेत्र में विजायसन माताजी, निम्बोदा माताजी, भैंसरोडगढ के मदार चौक के माता जी, थाने के पास दुर्गा माताजी, रावतभाटा बाजार में स्थित श्री अनोखेराज हनुमान मन्दिर, हिंगलाज माताजी मन्दिर, मानव मन्दिर स्थित भादवा माताजी, सन्तोशी माताजी मन्दिर, कोटा बेरियर स्थित जोगणिया माताजी दुर्गाश्टमी षक्तिपिठो पर विषेश धार्मिक अनुश्ठान किये गयें। नवरात्र के अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारा दोपहर से प्रांरभ होकर सायं तक चलता रहा। षक्तिपीठों पर पांव रखने तक की जगह नहीं थी। भीड़ के कारण धक्का-मुक्की के आलम के बीच श्रृद्वालुओं में देवी दर्षन के प्रति गजब का उत्साह रहा। षनिवार को लाखो श्रृद्वालुओ ने दर्षन किए। नवरात्र दुर्गाश्टमी के दिन विभिन्न मन्दिरो पर श्रृद्वालुओं की विषेश भीड़ रही। दोपहर की चिलचिलाती धुप में षक्तिपीठ जोगणिया माताजी के दर्षन किए। दोपहर की चिलचिलाती धुप में भी भीड का आलम था। उधर श्रृद्धालुओं ने षक्तिपीठ जोगणियां माताजी के दर्षन किए। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजनों हो रहें थे। नवरात्र मेला पूर्ण यौवन पर चला रहा हैं। सडक मार्ग सें सैकडों स्त्री-पुरूश पैदल चलकर जोगणिया माताजी पहुचँ रहें हैं। जगह-जगह भोजन एंव नाश्ते के लंगर लगें हुए हैं। पेयजल की भी माकुल व्यवस्था की गई है। माताजी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। दिनभर बसों, जीपों, मोटरसाइकिलों से श्रृद्वालुओं के जोगणिया माताजी पहुंचना क्रम जारी था।

दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। दुष्कर्म के करीब ढाई साल पुराने मामले में पोस्को क्रम-4 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए दस साल की सजा सुनाई साथ ही 38000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वीरेन्द्र सिंह भानावत ने बताया कि पीड़िता ने कोटा ग्रामीण के एक थाने में 2 जुलाई 2022 को रिपोर्ट दी। पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि जब उसके ससुराल के सभी परिजन बाहर गये हुये थे। रिपोर्ट में कहा कि घनश्याम रात्रि के समय घर में घुसा और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान करते हुए दुष्कर्म की धारा में आरोपी घनश्याम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी ने खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। 9 गवाहों के बयान दर्ज हुये साथ ही 20 दस्तावेज पेश किये।

आज यहां बिजली बंद रहेगी

कोटा, (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण रविवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक अराफात पेट्रो, पोस्ट ऑफिस जेके नगर, मल्टीमेटल्स पंप हाउस, वोडाफोन टावर व आसपास का क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

रामनवमी आज

कोटा, (निसं)। मुकुंदरा विहार स्थित हरे कृष्ण मंदिर में इस वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की अनोखी छटा बिखेरेगा, जहाँ भक्ति, ज्ञान और प्रेम की त्रिवेणी बहेगी। इस महोत्सव की भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कार्यक्रम न केवल रामभक्तों के लिए, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

पश्चिम मध्य रेल

कैटलॉग नं.: PARKING-2025, अनुबंध का प्रकारः पार्किंग, ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 22.04.2025 at 12.00 hrs, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

महिला के साथ मारपीट कर लज्जा भंग करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बूंदी (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध अपराध मे त्वरित निष्पक्ष अनुसंधान कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देशों की पालना मे बूंदी सदर थाना अधिकारी रमेश चन्द आर्य के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने महिला के साथ मारपीट कर लज्जा भंग करने वाले तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

थानाधिकारी रमेश आर्य ने बताया कि फरियादी बाबूलाल वर्मा पुत्र गोर्धन जाति रैगर उम्र 35 साल निवासी गेट नं. 3 नैनवा रोड बून्दी थाना सदर ने दी गई रिपोर्ट में बताया कि 14 मार्च को दोपहर 12 बजे की घटना है मेरे घर उसकी बेटी पूजा व दामाद दुर्गाशंकर होली करने आये हुये थे, सभी अपने घर पर बेठे थे। मुलजिमान सोनू , हेमन्त, महेन्द्र मीणा, व अन्य 15 से 20 आदमी एक राय होकर जान से मारने की नियत से सरिया, कुल्हाडी हथियार लेकर घर के अन्दर आये और गाली गलोच करते हुए लकडी और सरियो से मारपीट करने लग गये।

मेरी पुत्री पूजा कुमारी व पत्नी नाथी बाई बीच बचाव करने आई तो पूजा के साथ मारपीट की,नाथी बाई और पूजा कुमारी के साथ छेडखानी की इस पर पुलिस से मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। प्रकरण महिला अपराध से संबंधित होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशो की पालना में पुलिस टीम का गठन कर मामले में महिलाओ के साथ मारपीट कर लज्जा भंग करने वाले अभियुक्तों की तलाश कर अभियुक्त सोनु, हेमन्त व महेन्द्र को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया।

महिला के साथ मारपीट कर लज्जा भंग करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

महावीर जन्म कल्याण महोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। श्री महावीर दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा श्री महावीर दिगंबर जैन धर्मशाला, तलवंडी परिसर में महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भव्य रूप से किया गया। मंडल की अध्यक्ष अनिला झांझरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तामर पाठ के साथ 48 दीपकों के विधान द्वारा किया गया, वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर रेणु जी और निधि जी द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों को आज के युग में किस प्रकार अपनाया जा सकता है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम शबाना से बदलकर नया नाम शबाना रिज़वी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-शबाना रिज़वी पत्नी उमरदीन रिज़वी हाजी मंजिल घोसी मोहल्ला जोधपुर स्वीट के पीछे गुमानपुरा कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MOHD UMARDIN RIZVI से बदलकर नया नाम UMARDIN RIZVI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-उमरदीन रिज़वी पुत्र शफी मोहम्मद हाजी मंजिल घोसी मोहल्ला जोधपुर स्वीट के पीछे गुमानपुरा कोटा

कार्यालय नगर पालिका कापरेन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांकः-न.पा.का./2025/22 दिनांकः-04.04.2025

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्यामस्वरुप शर्मा पुत्र श्री रामप्रसाद शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी कापरेन तह. के. पाटन जिला बून्दी (राज.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर श्री सोहनलाल शर्मा आ. श्री रामप्रसाद शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी कापरेन के नाम भूमि नीलामी का पट्टा क्रमांक 48 दिनांक 26.11.1999 का 144 वर्गफीट का रजिस्टर्ड है। श्री सोहनलाल शर्मा द्वारा श्री श्यामस्वरुप शर्मा को जर्ये रजिस्टर्ड दान पत्र कर दिया है। जिसका नामान्तरण स्वयं के नाम नामान्तरण स्वयं के नाम पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है। जिनके संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस में कार्यालय नगरपालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कापरेन